आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 12.05.2025

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, एनएसए और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सभी से आदि कैलाश यात्रा पर आने का आह्ववाहन किया। कहा– सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
- भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।
- और.... भारत–पाकिस्तान सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों को 10 लाख हजार करोड़ रुपये का फायदा, 176 शेयरों पर लगा अपर सर्किट।

.................................................................................

पीएम बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सुलाहकार अजीत डोभाल और तीनों सेना के प्रमुख मौजूद रहे। इस बैठक का उद्देश्य भारत–पाकिस्तान तनाव की समीक्षा करना और आगे की रणनीति पर चर्चा करना था।

.................................................................................

आदि कैलाश

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सभी से आदि कैलाश यात्रा पर आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा के मद्देनजर निर्माणाधीन तपोवन से गुंजी और गुंजी से ज्योलिंगकोंग सड़क का निरीक्षण करते हुए श्री टम्टा ने क्षेत्र के विकास व संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ये सड़कें सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं और सीमांत क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी। इन सड़कों के निर्माण से सीमांत क्षेत्रों में सैन्य आवाजाही सुगम होगी और देश की सुरक्षा मजबूत होगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने स्थानीय लोगों और यात्रियों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि यात्रा मार्ग पर यात्रियों का आवश्यक चेक प्वाइंटों पर ही सत्यापन किया जाएगा, अन्यथा उन्हें नहीं रोका जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार आम आदमी की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। श्री टम्टा ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या से वाइब्रेंट विलेज में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

अपने दौरे के दूसरे दिन यानी आज श्री टम्टा ने पवित्र ओम पर्वत के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह निरीक्षण सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

.................................................................................

मार्ग निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत ज़िले के बनबसा स्थित भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में नेपाली ड्रायपोर्ट तक बनने वाले फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बनबसा से नेपाल सीमा तक बनने वाला यह मार्ग रणनीतिक, व्यापारिक और सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के लिए सात दशमलव दो–आठ हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है।

इस मार्ग में एक फ्लाईओवर, एक बड़ा पुल और दो छोटे पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना भारत–नेपाल सीमा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और यातायात के लिहाज से और मजबूत बनाएगी।

.................................................................................

पूर्णागिरी धाम

चम्पावत जिले में स्थित पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगातार बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में 16 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुँचकर दर्शन किए। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग रेल, बस और निजी वाहनों से टनकपुर पहुँच रहे हैं, जिससे ककराली गेट से लेकर मुख्य मंदिर तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

पूरे मंदिर मार्ग में भक्तिभाव और आस्था का वातावरण दिखाई दे रहा है। प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया गया है। मार्ग पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, प्राथमिक उपचार केंद्र, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, शौचालय, महिला सहायता केंद्र जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पुलिस बल सतर्कता से कार्य कर रहा है। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में सहायता केंद्र या पुलिस से संपर्क करें।

..............................................................................

विराट कोहली

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस चौंकाने वाले फैसले की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी। कोहली ने अपने भावुक पोस्ट में टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपने जुनून, इस प्रारूप से मिली सीख और अपने 14 साल के शानदार सफर को साझा किया।

..............................................................................

बुद्ध पूर्णिमा स्नान

विश्वभर में आज बुद्ध पूर्णिमा धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह न केवल गौतम बुद्ध का जन्म दिवस है, बल्कि ऐसा दिन भी है जब महात्मा बुद्ध ने बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण प्राप्त किया था।

बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। आज तड़के से ही हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालु श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। एक रिपोर्ट–

स्नान के लिये लोगों की भारी भीड़ के चलते हरिद्वार में पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 21 सेक्टरों में विभाजित करते हुए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। मुख्य घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही क्षेत्र की ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन की योजना भी लागू की गई है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन सहायता, पेयजल और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि ड्यूटी में 5 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 9 निरीक्षक, 10 वरिष्ठ उपनिरीक्षक, 26 उपनिरीक्षक, 195 हेड कांस्टेबल और 51 कांस्टेबल शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी का एक तैराक दल, बीडीएस की 2 प्लाटून, 2 घुड़सवार दल, 16 जल पुलिस जवान, 12 खुफिया विभाग के कर्मी और 3 फायर यूनिट भी तैनात की गई हैं।

आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से संजय भण्डारी

..............................................................................

गिरफ्तारी

चारधाम यात्रा शुरू होने के साथ ही फर्जी हेलीकॉप्टर टिकट बेचने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। हरिद्वार पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए सिर्फ 12 घंटे में फर्जी टिकट बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नगर कोतवाल रितेश शाह के अनुसार, हरिद्वार की एक ट्रेवल कंपनी से बीएचईएल के एक व्यक्ति ने अपने गुजरात निवासी परिचितों के साथ केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर टिकट खरीदा था। तीन टिकटों के लिए 49 हजार पांच सौ रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन जब यात्री फाटा पहुंचे तो उन्हें पता चला कि टिकट फर्जी हैं।

मामले की जानकारी मुख्यमंत्री तक पहुंची, जिन्होंने यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार की ठगी पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस ने सिटी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

.......................................................................................

शेयर बाजार

भारत–पाकिस्तान सीमा पर हुए सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज रौनक बनी हुई है। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की जा चुकी है। बाजार खुलते ही आज खरीदारी का इतना जोरदार रुझान बना कि शुरुआती कुछ मिनट में ही स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10.59 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया।

बाजार की तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन बढ़ कर 427 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट केपीटलाइजेशन 416.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) था।

बाजार में जारी खरीद बिक्री के बीच 176 शेयर सपोर्ट से अपर सर्किट पर पहुंचे हुए हैं, वहीं 52 शेयर बिकवाली के दबाव की वजह से लोअर सर्किट पर आ गए हैं।

.......................................................................................

<u>दो दिवसीय भ्रमण</u>

शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुलभ बनाने के उद्देश्य से महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड, डॉ. सुनीता टम्टा ने टिहरी जिले का दो दिवसीय भ्रमण किया। भ्रमण के दूसरे दिन उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय के साथ भिलंगना विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़ाकेदार और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बूढ़ाकेदार का निरीक्षण किया।

.......................................................................................

<u>सेफ सफर ऐप</u>

पौड़ी जिले में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल बनकर उभरे 'सेफ सफर ऐप' ने जनपद को एक नई पहचान दिलाई है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की पहल पर शुरू किए गए इस ऐप के जरिए शादियों में किराये पर लिए जाने वाले व्यवसायिक वाहनों की निगरानी और पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। एक रिपोर्ट––

यह ऐप जून 2023 में शुरू किया गया था। इसके तहत शादी समारोहों में इस्तेमाल होने वाली बसों और टैक्सी–मैक्सी वाहनों का 'सेफ सफर ऐप' पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। क्षेत्र में जाने वाले वाहनों की जांच करके राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करते हैं कि संबंधित वाहन ऐप में पंजीकृत हैं या नहीं। इस व्यवस्था से शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाया गया है और दुर्घटनाओं में भी कमी आई है।

जिलाधिकारी ने इस प्रणाली के सफल संचालन के लिए राजस्व, पुलिस और परिवहन विभागों के बीच समन्वय भी सुनिश्चित किया है। आरटीओ द्वारिका प्रसाद ने बताया कि शादी के लिए हायर की गई बसों को अस्थायी परमिट लेना अनिवार्य है और सभी वाहनों का सेफ सफर ऐप पर पंजीकरण किया जाना जरूरी है।

पोर्टल की शुरुआत से अब तक 2023 में 280 बसें और 33 टैक्सी–मैक्सी, 2024 में 525 बसें और 103 टैक्सी–मैक्सी तथा 2025 में अब तक 164 बसें और 61 टैक्सी–मैक्सी पंजीकृत हो चुकी हैं।

*आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से संजय भंडारी*

.....................................................................................

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, एनएसए और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सभी से आदि कैलाश यात्रा पर आने का आह्वाहन किया। कहा– सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
- भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।
- और.... भारत–पाकिस्तान सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों को 10 लाख हजार करोड़ रुपये का फायदा, 176 शेयरों पर लगा अपर सर्किट।

.....................................................................................